भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1857

दिनांक 16 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तमिलनाडु में एनीमिया मुक्त भारत का कार्यान्वयन

1857 श्रीमती राजाथी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) के अन्तर्गत क्या-क्या उपाय किये गये हैं तथा एएमबी के विभिन्न उपायों के अन्तर्गत आवंटित धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) एएमबी के अंतर्गत 6X6X6 रणनीति की प्रभावशीलता का ब्योरा क्या है;
(ग) तमिलनाडु राज्य में जिला-वार कितनी महिलाओं को पोष (फोर्टिफाइड) चावल की आपूर्ति की जा रही है;
(घ) एनीमिया मुक्त भारत सूचकांक का ब्यौरा क्या है, इसके प्रकाशन की आवृत्ति और प्रमुख संकेतक क्या हैं; और
(ङ) विगत तीन संस्करणों के सूचकांक के स्कोर कार्ड का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख) भारत सरकार एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यक्रम को 6X6X6 रणनीति के तहत लागू करती है ताकि छह लाभार्थी समूहों - 6-59 महीने के बच्चे, 5-9 साल के बच्चे, किशोर (10-19 साल), प्रजनन आयु की महिलाएं (15-49 साल), गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताओं - में एनीमिया के प्रसार को कम किया जा सके। यह कार्यक्रम जीवनचक्र दृष्टिकोण के माध्यम से छह हस्तक्षेपों द्वारा संचालित किया जाता है - रोगनिरोधी आयरन और फोलिक एसिड अनुपूरण; कृमिनाशक; आहार विविधता के माध्यम से आयरन युक्त भोजन के सेवन को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने वाला गहन वर्षव्यापी व्यवहार परिवर्तन संचार अभियान; डिजिटल इनवेसिव हीमोग्लोबिनोमीटर और प्वाइंट ऑफ केयर उपचार का उपयोग करके एनीमिया की जांच; सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आयरन और फोलिक एसिड युक्त खाद्य पदार्थों का अनिवार्य प्रावधान; और मलेरिया, हीमोग्लोबिनोपैथी और फ्लोरोसिस पर विशेष ध्यान देने के साथ, स्थानिक क्षेत्रों में एनीमिया के गैर-पोषण संबंधी कारणों को मजबूत संस्थागत तंत्रों के माध्यम से ध्यान देना। एनएचएम आरओपी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यक्रम के तहत स्वीकृत निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है।

(ग) भारत सरकार 'पोषण संवर्धित चावल पहल' के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं (ओडब्ल्यूएस) के माध्यम से सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पोषण संवर्धित चावल की आपूर्ति करती है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एकीकृत प्रबंधन पोर्टल के अनुसार, तमिलनाडु में पीएमजीकेएवाई के तहत 56,85,816 महिला लाभार्थी पोषण संवर्धित चावल प्राप्त कर रही हैं। तमिलनाडु में पीएमजीकेएवाई की महिला लाभार्थियों का जिलावार विवरण **अनुबंध II** में दिया गया है।

तमिलनाडु राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से अंत्योदय अन्न योजना (पीएचएच एएवाई) के तहत पूरे राज्य में चावल परिवार कार्ड धारकों को पोषण संवर्धित चावल दिया जाता है। वर्ष 2024-25 में इस योजना के तहत 18,64,099 परिवार कार्ड धारकों को लाभ प्राप्त हुआ है।

(घ) और (ङ) एएमबी रणनीति के अंतर्गत, एएमबी स्कोर कार्ड और सूचकांक राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के साथ त्रैमासिक आधार पर साझा किया जाता है। एएमबी सूचकांक प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के औसत पर आधारित है, जो एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत लक्षित लाभार्थियों का आयरन-फोलिक एसिड अनुपूरण कवरेज प्रदान करते हैं। राज्यवार एएमबी सूचकांक का विवरण **अनुबंध III** में दिया गया है।

दिनांक 16.12.2025 के राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1857 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

अनुबंध I

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एनीमिया मुक्त भारत के लिए स्वीकृत धनराशि (लाख रुपये में)

क्र.सं..	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वित्त वर्ष **2024-25** के लिए स्वीकृत धनराशि (लाख रुपये में)
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	29.69
2	आंध्र प्रदेश	7111.90
3	अरुणाचल प्रदेश	266.17
4	असम	1963.05
5	बिहार	7201.70
6	चंडीगढ़	0.10
7	छत्तीसगढ़	1958.81
8	डीडी डीएनएच	15.09
9	दिल्ली	816.99
10	गोवा	61.56
11	गुजरात	3972.56
12	हरियाणा	1588.58
13	हिमाचल प्रदेश	458.07
14	जम्मू एवं कश्मीर	933.38
15	झारखंड	5847.64
16	कर्नाटक	437.23
17	केरल	1668.02
18	लद्दाख	21.40
19	लक्षद्वीप	2.75
20	मध्य प्रदेश	8600.51
21	महाराष्ट्र	6486.22
22	मणिपुर	684.46
23	मेघालय	604.09
24	मिजोरम	144.88
25	नागालैंड	264.98
26	ओडिशा	1168.25
27	पुदुचेरी	86.63
28	पंजाब	1867.90
29	राजस्थान	3768.78
30	सिक्किम	41.90
31	तमिलनाडु	759.42
32	तेलंगाना	3213.27
33	त्रिपुरा	545.50
34	उत्तर प्रदेश	12462.88
35	उत्तराखंड	1765.41
36	पश्चिम बंगाल	4095.00

दिनांक 16.12.2025 के राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1857 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

अनुबंध II

पीएमजीकेएवाई की महिला लाभार्थियों का जिला-वार विवरण *

तमिलनाडु राज्य में चावल लेने वाली महिला लाभार्थी		
क्र.सं.	जिले का नाम	महिलाओं की संख्या
1	तिरुवल्लुर	1,53,248
2	चेन्नई	3,09,088
3	कांचीपुरम	88,087
4	वेल्लोर	1,04,648
5	धर्मपुरी	1,47,081
6	कृष्णागिरी	1,51,649
7	तिरुवन्नामलाई	2,84,400
8	विल्लुपुरम	2,10,214
9	सलेम	2,65,166
10	नमक्कल	1,36,234
11	इरोड	1,53,829
12	नीलगिरी	60,696
13	कोयंबटूर	1,91,672
14	तिरुपूर	1,42,626
15	डिंडीगुल	1,81,135
16	करूर	76,167
17	तिरुचिरापल्ली	2,05,411
18	पेरम्बलुर	60,513
19	अरियालूर	92,639
20	कुड्डालोर	2,44,462
21	नागपट्टिनम	75,560
22	थिरुवरुर	1,19,607
23	तंजावुर	1,96,248
24	पुदुक्कोट्टई	1,72,462
25	शिवगंगा	1,32,348
26	मदुरै	2,43,349
27	थेनी	1,10,996
28	विरुधुनगर	1,60,580
29	रामनाथपुरम	1,38,019
30	तूतीकोरिन	1,48,174
31	तिरुनेलवेली	1,17,912
32	कन्नियाकुमारी	1,46,973
33	तेनकासी	1,25,839
34	कल्लाकुरिची	1,62,755
35	रानीपेट	86,479
36	तिरुपथुर	91,544
37	चेंगलपट्टू	1,15,634
38	माइलादुत्रयी	82,372

*सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एकीकृत प्रबंधन पोर्टल पर 9 दिसंबर 2025 की स्थिति के अनुसार

दिनांक 16.12.2025 के राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1857 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

अनुबंध III

पिछले तीन संस्करणों के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र -वार एनीमिया मुक्त भारत स्कोर कार्ड सूचकांक

क्र. सं.	राज्य /संघ राज्य क्षेत्र	एएमबी सूचकांक *		
		चौथी तिमाही 2024-25 तक	पहली तिमाही 2025-26 तक	दूसरी तिमाही 2025-26 तक
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	80.8	74.5	82.5
2	आंध्र प्रदेश	92.7	88.5	89.5
3	अरुणाचल प्रदेश	34.8	31	32.2
4	असम	70.5	64.1	65.8
5	बिहार	58.7	56.2	58.9
6	चंडीगढ़	58.1	48.1	42.6
7	छत्तीसगढ़	88.9	83	84.2
8	दिल्ली	42.2	43.4	39.4
9	डीएनएच एवं डीडी	94.1	91	90.4
10	गोवा	83.9	82.3	78.7
11	गुजरात	80.5	69.3	74.2
12	हरियाणा	88.8	85	88
13	हिमाचल प्रदेश	60	66.2	68.4
14	जम्मू एवं कश्मीर	71	73	71.9
15	झारखंड	90.9	79.2	79.7
16	कर्नाटक	65.1	64.3	69.4
17	केरल	40.3	43.2	55.5
18	लद्दाख	93.1	93.5	93.9
19	लक्षद्वीप	64.5	51.9	48.9
20	मध्य प्रदेश	91	89	89.8
21	महाराष्ट्र	50.3	41.5	44.4
22	मणिपुर	25.9	28.6	29.9
23	मेघालय	33.5	31.2	31.5
24	मिजोरम	65.4	40.8	51.4
25	नागालैंड	47.8	43.7	44.8
26	ओडिशा	82.3	73.7	73.7
27	पुदुचेरी	78.5	66.4	69.3
28	पंजाब	52.4	45.1	52.3
29	राजस्थान	58	45.3	53
30	सिक्किम	73.4	67.9	68.9
31	तमिलनाडु	85.5	85	85.5
32	तेलंगाना	88.8	85.9	87
33	त्रिपुरा	42.6	36.6	32.9
34	उत्तर प्रदेश	56.3	51.5	56
35	उत्तराखंड	78.4	80.7	81
36	पश्चिम बंगाल	63.8	59.4	61.4
	*स्रोत : स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस)			

*****